an>

Title: Need to provide stoppage to Chandigarh Bandra Express at Sree Madhavpur railway station in Sikar Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में एक विषय लाना चाहता हूँ। अजमेर से रेवाड़ी होकर दिल्ली के लिए रेलवे लाईन पर मेरे संसदीय क्षेत्र में श्रीमाधोपुर नाम का एक कस्बा पड़ता है। इस क्षेत्र से लगभग 150 गाँव जुड़ते हैं। सेना में झुंझुनू और सीकर के सबसे अधिक नौजवान होते हैं। सीकर से दिल्ली की दूसरी लाईऩ बंद होने के कारण केवल एकमात्र यह लाईऩ है जिससे जवान जाते हैं। सैनिकों को सबसे बड़ी समस्या होती है कि उनको जो वारंट मिलता है, वह केवल रेलवे का मिलता है, बस का नहीं मिलता है। मेरा निवेदन है कि वहाँ किसान भी हैं और वहाँ ए श्रेणी की मंडी भी है। यदि श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 22451/52 चंडीगढ़-बांद्रा एक्सप्रैस ट्रेन रुक जाए तो इससे किसानों को, सैनिकों को तथा बहुत सारे लोगों को लाभ होगा। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करूँगा कि इस ट्रेन को श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन पर रोका जाए ताकि सैनिकों को विशेष लाभ मिल सके।